**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या: 678**
**गुरुवार, 6 फ़रवरी, 2025/17 माघ, 1946 (शक), को दिया जाने वाला उत्तर**

**उड़ान प्रशिक्षण संस्थान**

**678. श्रीमती कमलेश जांगड़ेः**
**श्री लुम्बा रामः**
**श्री दिलीप शइकीयाः**
**श्री बिद्युत बरन महतोः**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने उड़ान प्रशिक्षण संस्थानों के कार्यकरण में सुधार लाने के लिए कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) छत्तीसगढ़, राजस्थान, असम और उत्तर पूर्वी राज्यों सहित देश भर में उड़ान प्रशिक्षण संस्थानों का राज्यवार/संघ राज्यक्षेत्रवार ब्यौरा क्या है; और

(ग) नए उड़ान प्रशिक्षण संस्थान खोलने के लिए क्या मानदंड निर्धारित किए गए हैं और इस संबंध में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) जी हाँ, देश में उड़ान प्रशिक्षण को बढ़ावा देने और बेहतर बनाने के लिए नागर विमानन मंत्रालय ने कई पहल की हैं। वर्ष 2020 में, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने उदारीकृत एफटीओ नीति तैयार की, जिसमें हवाईअड्डे की रॉयल्टी भुगतान (एफटीओ द्वारा एएआई को राजस्व हिस्सेदारी का भुगतान) को समाप्त कर दिया गया और भूमि किराए को काफी युक्तिसंगत बनाया गया।

वर्ष 2021 में, प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के पश्चात, एएआई ने बेलगावी (कर्नाटक), जलगांव (महाराष्ट्र), कलबुरगि (कर्नाटक), खजुराहो (मध्य प्रदेश) और लीलाबाड़ी (असम) में पांच हवाईअड्डों पर नौ एफटीओ स्लॉट प्रदान किए। वर्तमान में, इनमें से आठ एफटीओ स्लॉट कार्यशील हैं: लीलाबाड़ी, बेलगावी में एक-एक और कलबुरगि, खजुराहो, जलगांव में दो-दो। जून 2022 में, प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के पश्चात, एएआई द्वारा पांच हवाईअड्डों पर छह और एफटीओ स्लॉट प्रदान किए गए नामत: भावनगर (गुजरात), हुबली (कर्नाटक), कडप्पा (आंध्र प्रदेश), किशनगढ़ (राजस्थान) और सेलम (तमिलनाडु)। इनमें से सेलम, भावनगर और किशनगढ़ में तीन एफटीओ स्लॉट का प्रचालन शुरू हो चुका है।

एएआई हवाईअड्डों पर एफटीओ से किसी भी रूप में रॉयल्टी या राजस्व हिस्सेदारी नहीं ली जाती है। साथ ही, निविदा के अनुसार, लिंक टैक्सी-वे का निर्माण एएआई द्वारा अपने खर्च पर किया जाना है और टैक्सी-वे के लिए कोई लाइसेंस शुल्क नहीं लिया जाना है। एएआई ने जून 2023 में भूमि प्रबंधन परिपत्र जारी किया है, जिसके माध्यम से एएआई हवाईअड्डों पर एफटीओ स्थापित करने की इच्छुक एजेंसियों को कार्ड रेट के आधार पर 25 वर्ष की अवधि के

लिए भूमि/ स्थान का आवंटन किया जाएगा। कोई रॉयल्टी/ रियायती शुल्क देय/ लागू नहीं होगा।

डीजीसीए ने देश में उड़ान प्रशिक्षण संस्थानों को बेहतर बनाने के लिए कई पहल की हैं जैसे:
(i) सीएआर खंड 7, श्रृंखला I, भाग V में संशोधन (अंक II, संशोधन 08 दिनांक 3 जनवरी 2025): संशोधित सीएआर 7/I/V में शामिल कुछ पहलू इस प्रकार हैं:

(क) सीएफआई/उप सीएफआई के कार्य से परीक्षक कार्य को अलग कर दिया गया है।

(ख) उड़ान अनुदेशक रेटिंग जारी करने के लिए जांच की जिम्मेदारी वापस उद्योग (एफटीओ) को प्रत्यायोजित कर दी गई है।

(ग) परीक्षक विशेषाधिकार-प्राप्त उप सीएफआई को अब एएफआईआर अनुदेशक प्रशिक्षण और जांच करने के लिए प्राधिकृत किया गया है।

(घ) एफटीओ बदलते समय सीएफआई/उप सीएफआई के लिए मौखिक परीक्षा की अपेक्षा को हटा दिया गया है।

(ङ) सीएफआई, उप सीएफआई और डीई के लिए मौखिक परीक्षा के दूसरे प्रयास में उपस्थित होने के लिए कूल-ऑफ अवधि को घटाकर 30 दिन कर दिया गया है।

(ii) विनियामक फ्रेमवर्क और प्रशिक्षण मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए एफटीओ का ऑडिट और निरीक्षण किया गया। वर्ष 2024 में एफटीओ का विशेष सुरक्षा ऑडिट किया गया।

(ख) वर्तमान में, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा अनुमोदित 57 स्थलों पर 38 उड़ान प्रशिक्षण संगठन (एफटीओ) कार्यशील हैं। डीजीसीए द्वारा अनुमोदित एफटीओ की सूची अनुलग्नक-क के रूप में संलग्न है।

(ग) नए उड़ान प्रशिक्षण संस्थान खोलने के लिए विस्तृत अपेक्षाएँ सीएआर खंड 7, श्रृंखला घ, भाग 1 में निर्धारित की गई हैं।

*******

डीजीसीए से अनुमोदित उड़ान प्रशिक्षण संगठनों (एफटीओ) की सूची — अनुलग्नक क

| क्र.सं | नाम | फलाइंग बेस का स्थल | फर्म स्वामित्व प्रकार | डीजीसीए अनुमोदन संख्या | वैधता | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एकेडमी ऑफ कार्वर एविएशन प्राइवेट लिमिटेड | 1. प्लॉट नंबर पी-50, एमआईडीसी इंडस्ट्रियल एरिआ, बारामती हवाई अड्डे के पास, बारामती महाराष्ट्र.413133 | प्राइवेट लिमिटेड | 05/2015 | 30.04.2024 | 29.04.2029 |
| 2 | अलकेमिस्ट एविएशन प्राइवेट लिमिटेड | सोनारी एयरोड्रम, जमशेदपुर झारखंड-831011 | प्राइवेट लिमिटेड | 01/2018 | 21.05.2023 | 20.05.2028 |
| 3 | एम्बिशन्स फ्लाइंग क्लब प्राइवेट लिमिटेड | 1. कराड हवाई अड्डा, कराड-पाटन रोड,<br>कराड सतारा, महाराष्ट्र-415124 | प्राइवेट लिमिटेड | 06/2016 | 01.12.2022 | 30.11.2024 |
| 4 | एशिया पैसिफिक फ्लाइट ट्रेनिंग अकादमी लिमिटेड. | 1. जीएमआर एचआईएएल राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा शमशाबाद,<br>2. कालाबुरागी हवाई अड्डा, गुलबर्गा, कर्नाटक | प्राइवेट लिमिटेड | 06/2015 | 19.10.2022 | 18.10.2027 |
| 5 | अव्याना एविएशन प्राइवेट लिमिटेड | साइट-2, किशनगढ़ हवाई अड्डा, अजमेर, राजस्थान-305802 | प्राइवेट लिमिटेड | 03/2024 | 18.07.2024 | 17.07.2029 |
| 6 | वनस्थली विद्यापीठ ग्लाइडिंग एंड फ्लाइंग क्लब | 1. वनस्थली हवाई अड्डा, जिला टोंक, राजस्थान - 304022 | संस्था | 15/2016 | 20.06.2023 | 19.06.2028 |
| 7 | बिहार फ्लाइंग इंस्टिट्यूट | 1. पटना हवाई अड्डा, पटना, बिहार-800014 | राज्य सरकार | 17/2026 | 27.09.2022 | 26.09.2027 |
| 8 | ब्लू रे एविएशन प्राइवेट लिमिटेड | 1. मेहसाणा हवाई पट्टी, अहमदाबाद, गुजरात- 384002 | प्राइवेट लिमिटेड | 03/2018 | 08.08.2023 | 07.08.2028 |
| 9 | द बॉम्बे फ्लाइंग क्लब | 1. जुहू हवाई अड्डा, मुंबई, महाराष्ट्र<br>2. धुले हवाई पट्टी, मुंबई, महाराष्ट्र | संस्था | 03/2016 | 05.11.2022 | 04.11.2027 |
| 10 | चेतक एविएशन (सुल्तान एजुकेशन सोसाइटी की एक इकाई) | 1. एमएस- 10 एनएच-91, धनीपुर हवाई पट्टी, पोस्ट पनेठी, अलीगढ़-202001, उत्तर प्रदेश- 202001 | संस्था | 01/2021 | 27.08.2021 | 26.08.2026 |
| 11 | चाइम्स एविएशन अकादमी | 1. ढाना हवाई पट्टी, सागर जिला - मध्य प्रदेश:470228<br>2. नीमच हवाई पट्टी, जयसिंगपुरा, नीमच, मध्य प्रदेश - 458441 | प्राइवेट लिमिटेड | 04/2015 | 21.04.2024 | 20.04.2029 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | ड्यून्स एविएशन अकादमी (गणपत केयर फाउंडेशन की एक इकाई) | जीसीएफ हैंगर, बहवनगर हवाई अड्डा, भावनगर, गुजरातः 364001 | ट्रस्ट | 01/2024 | 05.01.2024 | 04.01.2029 |
| 13 | एकवी एयर ट्रेनिंग ऑर्गेनाइजेशन प्राइवेट लिमिटेड | सेलम हवाई अड्डा, कमलापुरम जिलाः सेलम तमिलनाडु-636309 | प्राइवेट लिमिटेड | 01/2023 | 06.07.2023 | 05.07.2028 |
| 14 | फाल्कन एविएशन अकादमी | 1. सिविल एयरपोर्ट, अयोध्या, उत्तर प्रदेश - 224001<br>2. रीवा एयरफील्ड, रीवा, मध्य प्रदेश | ट्रस्ट | 19/2016 | 20.12.2022 | 19.12.2027 |
| 15 | फ्लाईटेक एविएशन अकादमी | 1. नादेरगुल हवाई अड्डा, हैदराबाद, तेलंगाना-500070 | प्राइवेट | 16/2016 | 18.11.2022 | 17.11.2027 |
| | | 2. नागार्जुन सागर हवाई क्षेत्र गुंटूर, आंध्र प्रदेश-522439 | | | | |
| 16 | एफएसटीसी फ्लाइंग स्कूल प्राइवेट लिमिटेड | 1. चौधरी बंसी लाल हवाई अड्डा, एसएच-16ए, गांव गुजरानी, भिवानी हवाई पट्टी - हरियाणा 127031.<br>2. नारनौल हवाई पट्टी, हरियाणा | प्राइवेट लिमिटेड | 02/2021 | 20.10.2021 | 19.10.2026 |
| 17 | गर्ग एविएशन्स लिमिटेड | 1. हैंगर नं. 3, सिविल एरोड्रम, कैंट, कानपुर- 208004 उत्तर प्रदेशट्रस्ट | प्राइवेट लिमिटेड | 08/2020 | 11.11.2022 | 10.11.2027 |
| 18 | सरकारी विमानन प्रशिक्षण संस्थान | 1. बिरसल हवाई पट्टी, बिरसल, ढेंकनाल, ओडिशा - 759039<br>2. बीजू पटनायक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, भुवनेश्वर, ओडिशा - 751020 | राज्य सरकार | 10/2016 | 28.12.2022 | 27.12.2027 |
| 19 | सरकारी उड़ान प्रशिक्षण स्कूल | 1. जक्कुर हवाई अड्डा, बेंगलुरु कर्नाटक | राज्य सरकार | 07/2016 | 15.12.2021 | 14.12.2023 |
| 20 | गुजरात फ्लाइंग क्लब | 1. सिविल एयरोड्रोम, हरनी रोड, वडोदरा-गुजरात, 390022<br>2. अमरेली हवाई पट्टी, अमरेली-गुजरात 365601 | ट्रस्ट | 13/2016 | 07.04.2023 | 06.04.2028 |
| 21 | हरियाणा नागर विमानन संस्थान | 1. सिविल एयरोड्रम, कुंजपुरा रोड, करनाल हरियाणा<br>2. सिविल एयरोड्रम, हिसार, हरियाणा<br>3. सिविल हवाई अड्डा, पिंजौर, हरियाणा | राज्य सरकार | 04/2016 | 11.12.2022 | 10.12.2027 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | इंडियन फ्लाइंग अकादमी (शौर्य फ्लाइट सिम प्राइवेट लिमिटेड की एक इकाई). | 1. हैंगर नंबर 02, खजुराहो हवाई अड्डा, खजुराहो, एम.पी 471606 | प्राइवेट लिमिटेड | 02/2024 | 08.01.2024 | 07.01.2029 |
| 23 | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी | 1. फुर्सतगंज एयरफील्ड, रायबरेली, अमेठी-, उत्तर प्रदेश 229302<br>2. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, बिरसी हवाई अड्डा, पी.ओ.पी.; परसवाड़ा, गोंदिया, महाराष्ट्र, 441614,<br>3. कलबुर्गी हवाई अड्डा, गुलबर्गा कर्नाटक | केन्द्रीय सरकार | 01/1999 | 27.03.2024 | 26.03.2029 |
| 24 | जेट सर्व एविएशन प्राइवेट लिमिटेड | 1. फ्लायोला एविएशन अकादमी, टर्मिनल रोड, खजुराहो एयरपोर्ट, खजुराहो, मध्य प्रदेश<br>2. फ्लाईओला एविएशन अकादमी, जलगांव हवाई अड्डा, जलगांव महाराष्ट्र-425003 | प्राइवेट लिमिटेड | 02/2022 | 27.12.2022 | 26.12.2027 |
| 25 | द मध्य प्रदेश फ्लाइंग क्लब लिमिटेड | 1. देवी अहिल्याबाई होल्कर हवाई अड्डा, सिविल एरोड्रम, बिजासन रोड, इंदौर-मध्य प्रदेश, 452005<br>2. राजा भोज हवाई अड्डा, बैरागढ़, भोपाल-मध्य प्रदेश, 462030. | ट्रस्ट | 02/2015 | 21.03.2024 | 20.03.2029 |
| 26 | नागपुर फ्लाइंग क्लब | 1. हैंगर नं. 1, डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, सोनेगांव हवाई अड्डा, नागपुर-महाराष्ट्र 440005 | राज्य सरकार | 23/2016 | 16.11.2023 | 15.11.2028 |
| | | 2.मोरवा हवाई पट्टी (चंद्रपुर), महाराष्ट्र | | | | |
| 27 | नेशनल फ्लाइंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड | 1. बिरसी हवाई अड्डा, परसवाड़ा, गोंदिया, महाराष्ट्र-441614ट्रस्ट | प्राइवेट लिमिटेड (सीएई और एएआई के बीच संयुक्त उद्यम) | 20/2016 | 19.02.2023 | 18.02.2028 |
| 28 | ओरिएंट फ़्लाइट एविएशन अकादमी | 1. मैसूर एयरपोर्ट, मंडकली पोस्ट, मैसूर, कर्नाटक- 571311 | प्राइवेट लिमिटेड | 07/2015 | 18.12.2022 | 17.12.2027 |
| 29 | पटियाला एविएशन क्लब | 1. हैंगर-1, सिविल एयरोड्रम, संगरूर रोड, पटियाला, पंजाब-147001<br>2. श्री गुरु राम दास जी, अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अमृतसर पंजाब | राज्य सरकार | 13.05.2023 | 12.05.2028 | 02/2018 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | पायनियर फ्लाइंग अकादमी प्राइवेट लिमिटेड | 1. एमएस- 10 एनएच-91, धनीपुर हवाई पट्टी, पोस्ट पनेठी, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश- 202001ट्रस्ट | प्राइवेट लिमिटेड | 05/2016 | 19.02.2023 | 18.02.2028 |
| 31 | राजीव गांधी अकादमी फोर एविएशन टेक्नोलॉजी | 1. अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा तिरुवनंतपुरम, केरल | राज्य सरकार | 23.03.2024 | 22.03.2029 | 01/2017 |
| | | 1. बारामती हवाई अड्डा, पुणे जिला, महाराष्ट्र -413133 | | | | |
| 32 | रेडबर्ड फ्लाइट ट्रेनिंग अकादमी प्राइवेट लिमिटेड | अन्य ऑपरेशन बेस:- | प्राइवेट लिमिटेड | 23.07.2020 | 22.07.2025 | 01/2020 |
| | | 2. सुक्तारा हवाई अड्डा, सिवनी, मध्य प्रदेश-4806617 | | | | |
| | | 3. लीलाबाड़ी हवाईअड्डा जिला उत्तरी लखीमपुर, असम | | | | |
| | | 4. कालाबुरागी हवाई अड्डा, कर्नाटक - 545102 | | | | |
| | | 5. बेलगावी हवाई अड्डा, बेलगावी, कर्नाटक | | | | |
| 33 | शा-शिब फ्लाइंग अकादमी | 1. गुना हवाई अड्डा, मध्य प्रदेश - 473001 | संस्था | 21/2016 | 27.07.2022 | 26.07.2027 |
| 34 | स्काईनेक्स एयरो प्राइवेट लिमिटेड | 1. जलगांव हवाई अड्डा, जलगांव, महाराष्ट्र - 425003 | प्राइवेट लिमिटेड | 01/2022 | 31.05.2022 | 30.05.2027 |
| 35 | एसवीकेएम एनएमआईएमएस एविएशन अकादमी | 1. शिरपुर हवाई पट्टी, जिला. धुले, महाराष्ट्र-425405 | प्राइवेट लिमिटेड | 14/2016 | 27.08.2022 | 26.08.2027 |
| 36 | तेलंगाना राज्य विमानन अकादमी | 1. बेगमपेट एयरपोर्ट हैदराबाद, तेलंगाना-500011 | राज्य सरकार | 02/2016 | 08.01.2023 | 7.01.2028 |
| 37 | विज़न फ़्लाइंग ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट | वीएफटीआई हैंगर, अमरेली हवाई अड्डा, चीतल रोड, अमरेली, गुजरात, 365601 | ट्रस्ट | 04/2024 | 22.10.2024 | 21.10.2029 |
| 38 | विंग्स एविएशन प्राइवेट लिमिटेड | 1. बेगमपेट एयरपोर्ट हैदराबाद तेलंगाना-500016 | प्राइवेट लिमिटेड | 11/2016 | 27.10.2022 | 26.10.2027 |

*****